हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 09.9 डिग्री

12 सेक्टर 2 क्षेत्र का निगम आयुक्त पांडेय ने किया औचक निरीक्षण



14 श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा दुर्ग स्टेशन अयोध्या दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन हुई रवाना





## खबर संक्षेप

### मंदिर का ताला टूटा अपराध दर्ज



**भिलाई।** ट्विनसिटी में मंदिर चोरी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही है। 16 दिसंबर की रात सेक्टर-5 के बालाजी मंदिर और गणेश मंदिर में चोरों ने धावा बोलकर घुसने का प्रयास किया। ताला टूटने की आवाज पर चौकीदार जाग गया। दोनों ही मंदिर समितियों की शिकायत पर पुलिस ने चोरो की तलाश में जुट गई है। चौकीदार ने मंदिर में रखी दान पेटियों और पूजा सामग्री सुरक्षित बचा लिया। बताया जा रहा है कि कंच कामाक्षी मंदिर सेक्टर 5 में कुछ समय पहले चोरी की वारदात हुई थी। सेक्टर-5 के मंदिर चोरों के निशाने पर हैं। सूचना पर मंदिर समितियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। बालाजी मंदिर और गणेश मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धो के हुलिए और गतिविधियों की जांच कर रही है। गौरतलब हो कि सुपेला थाना क्षेत्र में नेहरू भवन रोड स्थित काली मंदिर में ताला तोड़कर घुसे चोर ने दान पेटी से नगदी 1.50 लाख रुपए पार किया है। चोरों का अब तक कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है।

### मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 27 शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी मोहम्मद नाजिम खान 23 अगस्त को वह बीएम शाह अस्पताल के सामने स्थित सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान पर सिम खरीदने गया था। दुकान संचालक ने आधार कार्ड का फोटो पुराना बताकर कई बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक स्कैन कराया। नाजिम के मुताबिक दुकान संचालक ने 'सर्वर डाउन' और 'प्रोसेस पूरा नहीं हुआ' जैसे झांसा देकर 3-4 दिनों तक टालमटोल किया। उन्हें केवल एक सिम दिया गया, जिसका उपयोग उनकी बहन कर रही है। उस समय कोई जानकारी नहीं मिली। साइबर पुलिस से पता चला कि आधार कार्ड से दो अन्य सिम नंबर भी जारी किया किया है। जांच में पता चला कि ये सिम किसी दूसरे व्यक्ति को बेचा गया था। नाजिम ने इन्हें कभी खरीदा नहीं था। शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ धारा 318(4), 319(2) और टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**प्रदर्शन :** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेसी भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुंचे

# विपक्ष को कुचलने के लिए भाजपा कर रही ईडी सीबीआई और सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेशनल हेराल्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा ईडी को फटकार लगाने के बाद दुर्ग में जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण, जिला कांग्रेस दुर्ग शहर, जिला कांग्रेस भिलाई शहर के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बीजेपी कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की। घेराव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए।

बड़ी संख्या में कांग्रेसी भाजपा कार्यालय घेराव के लिए दोपहर एक बजे राजीव भवन से निकले। जैसे ही वो लोग भाजपा कार्यालय का घेराव करने आगे बढ़े, पुलिस व प्रशासन ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। उनको रोकने सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात था, तीन लेयर का बेरीकेट्स लगाया गया था। इतनी सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी कांग्रेसी रैली के रूप में राजीव भवन दुर्ग से भाजपा कार्यालय की ओर भाजपा के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते बढ़ते गए। इस दौरान उनहोंने प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने 2 बेरीकेट्स को तो तोड़ दिया, लेकिन तीसरे को नहीं तोड़ पाए।





### विपक्ष को कुचलने की साजिश : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष को दबाने और कुचलने के लिए ईडी सीबीआई व सभी सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने साबित कर दिया कि मोदी और अमित शाह की भाजपा सरकार विपक्ष और अपने विरोध करने वालों को और उनके मातहत और परिजनों को फर्जी शिकायत व फर्जी मामलों में फंसाकर डराना चाहती है। पिछले 7 वर्षों से भाजपा ने यही किया है, लेकिन उन्हें मालूम है कि कांग्रेस डरने वालों में से नहीं है। कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से है। जब वो अंग्रेजों से नहीं डरी तो आजादी के बाद इन वोट चोरों से क्यों डरेगी। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को फंसाने का कई बार प्रयास देश के गृहमंत्री अमित शाह और मोदी सरकार ने किया है लेकिन कोर्ट के साथ देश की जनता के सामने इस सत्ता की भूखी षड्यंत्रकारी भाजपा सरकार का असली चरित्र उजागर हो गया है । पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि बिना ठोस आधार के चलाई गई यह कार्यवाही दुर्भावना से प्रेरित थी, जिसे अदालत ने सिरे से खारिज कर दिया। संविधान और कानून सत्ता से ऊपर हैं, और सत्य को चाहे जितना परेशान किया जाए, अंततः वही विजयी होता है।

### न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री नीचे

**भिलाई।** गुरुवार को दुर्ग जिले के न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 3.4 डिग्री नीचे रहा। अलसुबह कोहरा व धुंध की स्थिति नहीं देखी गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली ।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री



916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

# सेनेटरी पर 200 और आयोजन स्थलों पर कचरा फैलाने पर 3 हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई शहर को स्वच्छता का मॉडल बनाने की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब निगम क्षेत्र के भीतर कचरा फैलाने पर अपराध की श्रेणी में लिया गया है। ऐसे लोगों पर नए सिरे से जुर्माना का प्रावधान रखा गया है। मसलन गीला एवं सूखा कचरा पृथक कर अलग-अलग डिब्बों में नहीं रखने वालो पर प्रथम अपराध मानते हुए 100 रुपए जुर्माना लगेगा। इसी कार्य को बार-बार करने पर 200 रुपये तक जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। सेनेटरी पर 100 से 200 रुपए तक जुर्माना लग सकता है।

- नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण के लिए तय किए जुर्माना

### उद्यानों में कचरा फैलाने पर 500 रुपए जुर्माना

निगम द्वारा उद्यानिकी अपशिष्ट में 500 से 750 रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। ठोस अपशिष्ट को सार्वजनिक स्थलों में फैलाने या जलाने पर 500 से 750 रुपए जुर्माना लगाया जाना है। तीन कार्य दिवस निगम को बिना सूचित किये या गैर अनुज्ञापित स्थल पर आयोजन या समारोह पर 2000 से 3000 रुपए तक रसीट काटी जाएगी। स्ट्रीट वेंडरों द्वारा खादय सामग्री निपटान में विफलता पर 200 से 400 रुपए की कार्रवाई होगी।

### मार्केट स्थल पर कचरा फेंकने पर 3 हजार फाइन

भिलाई निगम द्वारा आवास कल्याण और बाजार संघ द्वारा कचरों के निपटान में विफलता पर 3000 से 4500 रुपए जुर्माना तय किया गया है। , 5000 से अधिक क्षेत्रफल वाले समुदायों और संस्थानों पर 20000 से 30000 रुपए तक रसीद काटी जाएगी। होटल रेस्टोरेंट पर 2000 से 3000 रुपए जुर्माना निर्धारित किया गया है। खुले में शौच करते पाये जाने पर 50 से 100 रुपए तथा खुले स्थानों पर पेशाब करने वालों पर 20 से 50 रुपए तक जुर्माना अधिरोपित किया जाना है।

### अब तक 250 लोगों पर की कार्रवाई

भिलाई निगम द्वारा अब तक 250 लोगों पर कार्रवाई की गई है। इन लोगों से अब तक 19800 रुपए अर्थदण्ड लगाया गया है। जोन-1 में 64 लोगों से 6940 रुपए, जोन-2 में 58 लोगों सें 2660 रुपए, जोन-3 में 49 लोगों से 2310 रुपए, जोन-4 में 61 लोगों से 6790 रुपए और जोन-5 में 18 लोगों से 1100 रुपए जुर्माना ठोंका गया है।

### इस अधिनियम के तहत कार्रवाई

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 432 की उपधारा 1 एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अधीन निर्मित ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन के संबंध में शक्तियों में प्रयोग लाने आदेश जारी किया गया है। ऐसे व्यक्ति जो राज्य में नगर पालिक निगम की सीमा के भीतर कूड़ा फैलाते हैं इस कृत्य को अपराध की श्रेणी दिया गया है। ऐसे संबंधित व्यक्तियों पर जुर्माना अधिरोपित करने तथा स्थल पर ही जुर्माना लगाने का अधिकार दिया गया है।

### पर्यावरण को हो रहा अधिक नुकसान

भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने निगम का अमला प्रतिदिन मैदानी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। पूरे निगम क्षेत्र के मोहल्लो, नालियों, सार्वजनिक स्थल, बाजार सहित उद्यानों का साफ-सफाई कराया जा रहा है। प्रायः देखने में आ रहा है कि कुछ नागरिकों द्वारा कूड़ा कचरा जला दिया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को अधिक मात्रा में नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे नागरिको पर लगाम कसने निगम द्वारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नागरिक अपने घरो से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर न फेंकें, निगम के सफाई मित्र को देवें।

**-राजीव कुमार पांडेय,** निगम आयुक्त भिलाई

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र की**

# हाईवा की चपेट में आने से युवक और युवती की दर्दनाक मौत, सहेली भी गंभीर हाल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**दोनों युवती लिफ्ट लेकर घर जा रहे थे**



तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में लिया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक और एक युवती की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक युवती गंभीर रूप से घायल है। घटना मोहंदी बाड़ी मोड़ ग्राम सोमनी भिलाई तीन की है।

भिलाई तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह भरतद्वाज ने बताया कि गनियारी निवासी भूमिका बंजारे अपनी सहेली सरोज के साथ भिलाई तीन काम से गई थी। घर लौटते समय बाइक सीजी 7 बीएल 9972 को लिफ्ट मांगकर गनियारी जाने के लिए भूमिका और सरोज सवार होकर निकल गए। इस दौरान ग्राम सोमनी के मेहंदीबाड़ी अंधा मोड़ के पास तेज रफ्तार हाइवा सीजी 04 एलएस 9146 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में बाइक बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक चालक फुंडा पाटन निवासी सुमीत धीवर और भूमिका बंजारे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सरोज गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल सरोज को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मृतको के शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जहां पर हादसा हुआ है आसपास में लोगों का आना जाना लगा रहता है।


### मेंहदीबाड़ा मोड़ है डेंजर





सिरसा गेट के बाद बोगदा पुल पार करने के बाद सोमनी जाने के लिए तीन मोड पड़ते हैं। जिसमें मेहंदीबाड़ा का मोड़ काफी डेंजर है।सोमनी की ओर से आने वाले वाहनों तक की जानकारी नहीं मिलती है। इसके पूर्व भी इसी मोड़ में कई हादसा हो चुके हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था के यहां कोई इंतजाम नहीं हैं। सोमनी के भीतर से ही कई भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है। इस पर कार्रवाई तक नहीं की जाती है। इसके पूर्व गांव वालों ने भारी वाहनों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

सुमीत बाजार
आज का स्पेशल ऑफर
मल्टीपरपस यूज के लिये
100% कॉटन एक्सपोर्ट क्वालिटी
एक्सक्लूसिव ब्रांडेड




प्रीमियम ब्रांडेड बॉस्केट
MRP. ₹ 1450
offer price ₹ 299 में
अविश्वसनीय रेट ऑफर...
*condition apply
ऑफर सिर्फ आज के लिये
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा।
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई
गुरुद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पद्मनाभपुर रोड, पुलगांव चौक, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### नीता लोधी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नियुक्त



**भिलाई।** लखनऊ के गोमती नगर स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के सभागार में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के अधिवेशन और स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भिलाई की पूर्व मेयर नीता लोधी को अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
इस दौरान राष्ट्रीय संरक्षक राजवीर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज उन्नाव सांसद, राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, सांसद मुकेश राजपूत फर्रुखाबाद) संदीप सिंह शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश आदि मौजूद थे।

### भाजपा का घर-घर संपर्क अभियान का आयोजन

**दुर्ग।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत पदयात्रा एवं घर घर संपर्क अभियान का आयोजन चंडी शीतला मंडल में अध्यक्ष कमलेश फेकर के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमें प्रभारी व जिला मंत्री गायत्री वर्मा, जिलामंत्री गिरेश साहू, जिलाउपाध्यक्ष हर्षा चंद्राकर, जिलामंत्री शैलेन्द्री मंडावी, जिला मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, जिला युवामोर्चा अध्यक्ष जीत यादव, पार्षद एवं एमआईसी मनीष साहू, गोविंद देवांगन, मंडल महामंत्री एवं छाया पार्षद अमित पटेल, नवीन साहू ,उपाध्यक्ष दिनेश नलोडे, शीतल जांगिड़,सीमा तिड़के, मंत्री क्षमा तिवारी, भूपेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष संतोष जयसवाल, कार्यालय मंत्री चंद्रप्रकाश साहू, महिला मोर्चा महामंत्री दिनेश्वरी तुरकर, ममता देवांगन सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दुर्ग जिले में 108 बाल संस्कार खोले गए

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आसाराम बापू की विश्वव्यापी अभियान घर घर हो बाल संस्कार के तहत ग्राम डबरा पारा भिलाई-3 में बच्चों को सनातन संस्कृति की महिमा और अच्छे संस्कार दी जा रही है आज बच्चों को बुजुर्गों व माता-पिता की अनादर करने से जीवन में क्या प्रभाव होता है बाते बताई गई। बच्चों की दिनचर्या में सुबह सूर्य उदय से पहले उठना चाहिए।

// ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा महेश्वरी साहू के पिता, दयाशंकर साहू पिता बसंत लाल साहू ग्राम कंडरका तहसील अहिवारा व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर कृषि भूमि, ग्राम कंडरका में खसरा नंबर-19, 39/2, 43, 45, 158/1, 158/2 रकबा 0.46, 0.17, 0.32, 0.09, 0.75, 0.22 हे. कुल खसरा-06 कुल रकबा-2.01 हे. व ख.नं.-306, रकबा 0.16 हे. एवं ख.नं.-20 रकबा 0.16 हे., ख.नं.-24 रकबा 0.29 हे. ख.नं.-244 रकबा 0.24 हे., ख.नं.-328 रकबा 0.05 हे. आवासीय मकान / ब्यारा तहसील-अहिवारा व जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित हैं। उक्त भूमि पैतृक सम्पत्ति / भूमि है, उसमें मेरे पक्षकार को भी हक, हिस्सा निहित हैं। वर्तमान में मेरी पक्षकारा महेश्वरी साहू के पिता भूस्वामी दयाशंकर साहू की मानसिक स्थिति ठीक नही होने के कारण किसी के बातों में आकर किसी भी दस्तावेज में अपना हस्ताक्षर / निशानी अंगूठा कर देता हैं।अतः इस ईश्तहार के माध्यम से जन साधारण को सूचित किया जाता है कि, कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, फर्म, शासकीय /अर्द्धशासकीय, साहूकार के द्वारा, दयाशंकर साहू के नाम से संबंधित समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति का किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन ना करें, और यदि किया जाता है कि, तो इस हेतु आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

स्थान :- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक :-16/12/2025

भवदीय
P.K. Sao (Advocate)
Bar Room No. 7
District Court Durg
Mob. 9229453557

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों ने चुकाई पांच वर्ष पुरानी बकाया किश्त

## पीएम आवास योजना में बकाया नहीं चुकाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित सुयश बिल्डिकॉम परिसर में स्थित दो आवासों के हितग्राहियों द्वारा निर्धारित किश्त की राशि लंबे समय से जमा नहीं की जा रही थी। निगम रिकॉर्ड के अनुसार लगभग पाँच वर्षों से बकाया राशि लंबित थी, बावजूद इसके संबंधित हितग्राहियों द्वारा भुगतान नहीं किया गया।

निगम द्वारा बार-बार नोटिस जारी कर समझाइश दी गई, परंतु इसके बाद भी हितग्राही किश्त जमा करने में टालमटोल करते रहे। इसके चलते निगम प्रशासन ने अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में अधिकारी-कर्मचारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बेदखली की कार्रवाई प्रारंभ की।निगम का उद्देश्य योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करना है, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।

### आवास खाली कराने की प्रक्रिया के बाद जमा कराया किश्त

कार्रवाई के दौरान हितग्राहियों ने पहले भुगतान को लेकर आनाकानी की, लेकिन जब निगम द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए आवास खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई, तब बेदखली के भय से दोनों हितग्राही पुनीता देवी एवं दौलावती देवी ने



### किश्त राशि जमा करने के सख्त निर्देश

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा की टीम मौके पर मौजूद रही और आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन हितग्राहियों द्वारा किश्त की राशि समय पर जमा नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध आगे भी सख्त वैधानिक कार्रवाई एवं बेदखली की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## श्मशान घाट में दिया दी फर्जी रसीद

# 27 लाख का सामुदायिक भवन बना जंगल कबीर कुटीर मुक्तिधाम भी भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड क्रमांक 3 मॉडल टाउन के रहवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां न तो ठीक-ठाक सामुदायिक भवन बचा है और न ही मुक्तिधाम की स्थिति स्पष्ट है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को हर छोटे-बड़े सामाजिक कार्यक्रम के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर निगम की उदासीनता के कारण सामुदायिक भवन और विनोवा नगर स्थित मुक्तिधाम खंडहर में तब्दील होने के कगार पर है। वहीं मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार को आए परिजनों को फर्जी रसीद का वितरण किया जा रहा है।

मॉडल टाउन में करीब 27 लाख रुपए की लागत से बना सामुदायिक भवन रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो चुका है। चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं। परिसर जंगल जैसा दिखता है। भवन का उपयोग तो दूर, वहां पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। वार्डवासियों को शादी, बैठक, शोक सभा जैसे आयोजनों के लिए दूसरे इलाकों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह सामुदायिक भवन वार्डवासियों की मांग पर तत्कालीन विधायक स्व. विद्यारतन भसीन के कार्यकाल में बना था। उन्हीं की स्मृति में सुपेला अंडरब्रिज का नामकरण भी किया गया, लेकिन मॉडल टाउन में उनके प्रयासों से बना यह भवन आज नगर निगम की उदासीनता का शिकार है। सामुदायिक भवन के उपयोग न होने से नगर निगम को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। कई बार निगम आयुक्त और महापौर ने निरीक्षण किया, आश्वासन भी मिले, लेकिन न उन्नयन हुआ और न ही सौंदर्यीकरण।









### वार्डवासियों का यह कहना

### कबीर कुटीर मुक्तिधाम बदहाली का शिकार

वार्ड क्रमांक 3 के निवासी सनत निषाद ने विनोबा नगर स्थित कबीर कुटीर मुक्तिधाम की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। उनका कहना है कि सुविधाओं के अभाव में यहां अंतिम संस्कार करना बेहद मुश्किल हो गया है। कबीर कुटीर मुक्तिधाम में साफ-सफाई की भारी कमी है। परिसर के चारों ओर जंगल और झाड़ियां उग आई हैं। रास्ते जर्जर हैं और मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। ऐसे हालात में शोकाकुल परिजनों को अंतिम संस्कार के समय अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थिति यह है कि नेहरू नगर, जुनवानी, कोहका और मॉडल टाउन जैसे घनी आबादी वाले इलाकों के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए कई किलोमीटर दूर रामनगर मुक्तिधाम या शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम तक जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर जीवन की अंतिम विदाई होती है, वहां ऐसी अव्यवस्था शर्मनाक है।



### सामुदायिक भवन सालों से बंद



मॉडल टाउन वार्ड क्रमांक 3 का सामुदायिक भवन वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। वार्ड निवासी खिलेश सूर्यवंशी ने बताया कि इस भवन की हालत लगातार खराब होती जा रही है, लेकिन नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। खिलेश सूर्यवंशी के अनुसार सामुदायिक भवन का निरीक्षण निगम के अधिकारी कई बार कर चुके हैं। हर बार स्थिति देखी गई, लेकिन उसके बाद न तो साफ-सफाई कराई गई और न ही जीर्णोद्धार की कोई पहल हुई। भवन चारों ओर से झाड़ियों से घिर चुका है और उपयोग के लायक नहीं बचा है। सामुदायिक भवन बंद रहने का सीधा असर वार्डवासियों पर पड़ रहा है। शादी-विवाह, सामाजिक बैठक, धार्मिक कार्यक्रम या अन्य आयोजन के लिए लोगों को बाहर के इलाकों में जाना पड़ता है। इससे समय और पैसा दोनों खर्च हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भवन जनता के पैसे से बना था और जनता के ही काम आना चाहिए था।

### 17 साल से अपने खर्च पर डोम की व्यवस्था



जब हरिभूमि की टीम मुक्तिधाम पहुंची, तो मौके पर 61 वर्षीय घनश्याम साहू मिले। उन्होंने बताया कि वे पिछले 17 वर्षों से यहां शव जलाने यानि डोम का काम कर रहे हैं और खुद को इस मुक्तिधाम का संरक्षक मानते हैं। घनश्याम साहू ने बताया कि शवदाह के बाद परिजनों को दी जाने वाली रसीद भी वे अपने खर्चे से छपवाते हैं। अपनी जेब से पैसे खर्च कर पर्चियां छपवाई हैं, जिन्हें अंतिम संस्कार के बाद परिजनों को दिया जाता है। जब उनसे पूछा गया कि उनकी नियुक्ति किस विभाग या अधिकारी ने की, तो वे इसका स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। यहां साफ-सफाई की बेहद जरूरत है। बैठक कक्ष जर्जर होते जा रहे हैं। शव जलाने के लिए न तो ढंग का शेड है और न ही पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था। बरसात और रात के समय अंतिम संस्कार करना और भी कठिन हो जाता है। स्थिति यह भी है कि मुक्तिधाम की बाउंड्रीवाल का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर चुका है, जिससे परिसर असुरक्षित हो गया है। आवारा मवेशी और असामाजिक तत्व आसानी से अंदर आ जाते हैं। मुक्तिधाम में चारों और डिस्पोजल गिलास और पानी पाउच बिखरे पड़े है। वहीं जिस मुक्तिधाम की देखभाल नगर निगम को करना था, वहां एक व्यक्ति सालों से कब्जा जमाए बैठे हैं। इनके द्वारा डोम का कार्य करने के साथ-साथ फर्जी रसीद भी मृतकों के परिजनों को दिया जा रहा है।

> “ सामान्य सभा में सामुदायिक भवन का मुद्दा उठाया था। आयुक्त ने कहा था 6 लाख रुपए देंगे उन्नयन के लिए। निगम आयुक्त, जोन कमिश्नर और महापौर ने निरीक्षण भी किए लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। कबीर कुटीर मुक्तिधाम के लिए सामान्य सभा में संकल्प भी प्रस्ताव पारित किया गया था। करीब साल साल होने जा रहा है, इस पर भी निगम ने ध्यान नहीं दिया। वर्तमान में 68 लाख रुपए से नाली और सड़क के लिए टेंडर लग गया है। वर्क ऑर्डर होना शेष है।
>
> **-हरिओम तिवारी**, पार्षद वार्ड 3 मॉडल टाउन भिलाई

# धान खरीदी में गड़बड़ी, दो समिति प्रभारी निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ी करने के मामले में दो समिति प्रभारियों को निलंबित किया गया है। खिलोराकला के समिति प्रभारी देवदत्त पटेल और कन्हारपुरी के समिति प्रभारी सेवाराम पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। भौतिक सत्यापन में गंभीर खामियां पाए जाने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की गई है। जिले की सेवा सहकारी समिति मर्यादित खिलोराकला (प.क्र. 3326) में अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण और पंचनामा रिपोर्ट के अनुसार, रिकॉर्ड से कुल 112.80 क्विंटल (282 बोरा) धान अधिक पाया गया, जिसमें 72.40 क्विंटल मोटा धान और 40.40 क्विंटल सरना धान शामिल है। इसी प्रकार, सेवा सहकारी समिति मर्यादित कन्हारपुरी (प.क्र. 2512) के भौतिक सत्यापन में भी भारी विसंगति मिली, जहाँ कुल 181 बोरा अतिरिक्त धान पाया गया और स्टॉक में मोटा धान (+437 बोरा) तथा सरना धान (-258 बोरा) के आंकड़ों में भारी अंतर देखा गया। इन दोनों ही केंद्रों पर धान की स्टेकिंग अव्यवस्थित पाई गई, जो शासन की धान खरीदी नीति का स्पष्ट उल्लंघन है। इस घोर लापरवाही और छत्तीसगढ़ सेवा नियम 2018 के नियम 16.4 के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई।

# सेक्टर 2 क्षेत्र का निगम आयुक्त पांडेय ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा नागरिकों एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वालीबॉल कोर्ट, वाटर एटीएम, उद्यान सहित बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा सेक्टर 2 वालीबॉल कोर्ट का निरीक्षण किया गया। कोर्ट के उचित रखरखाव के साथ खिलाड़ियों के पीने एवं अन्य उपयोग हेतु पानी की व्यवस्था करने निर्देशित किये हैं। सेक्टर 02 मार्केट के समीप नागरिको के पेयजल सुविधा के लिए वाटर एटीएम स्थापित किया गया है। वर्तमान में वाटर एटीएम बंद है, जिसे चालू कराने अधिकारियों को निर्देशित किये हैं। सड़क 16 के पास लगे वाटर एटीएम का अवलोकन किये, जो चालू पाया गया। आयुक्त ने त्रिमूर्ति उद्यान का निरीक्षण करते हुए उद्यान के भीतर बड़े घॉस एवं झाड़यिों की कटाई-छटाई के साथ पूर्व से लगे पेवर ब्लाक को व्यवस्थित कराने निर्देशित किये है। उद्यान के समीप बने बैडमिंटन कोर्ट को देखे, जो खिलाड़यिों के प्रेक्टिस हेतु व्यवस्थित है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, श्याम ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ वालीवॉल कोर्ट, उद्यान, बैडमिंटन कोर्ट का भी किया निरीक्षण

## शिक्षा गुणवत्ता का औचक-निरीक्षण

# जामुल स्कूल में गंदगी देखकर बिफरे तहसीलदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने विगत को जामुल स्थित शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला (संकुल ढौर) का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शाला के शौचालय में व्याप्त गंदगी को देख तहसीलदार ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और स्कूल प्रबंधन को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अध्यापन व्यवस्था और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी बारीकी से जांच की। तहसीलदार ने स्वयं कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और उनसे प्रश्न पूछकर शिक्षा के स्तर को परखा। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ उनके शारीरिक और बौद्धिक विकास पर भी विशेष जोर देते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस निरीक्षण के समय संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, वार्ड पार्षद, एसएमसी अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कंबल बैंक का शुभारंभ, विधायक रिकेश ने बांटे 1500 कंबल



**भिलाई।** गुरु घासीदास जयंती पर गुरुवार को विधायक कार्यालय में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के गरीबों, बेघरों और वृद्धों को ठंड से बचाने कंबल बैंक की शुरुआत की गई। पहली खेप में बैंक के लिए उन्होंने 5 हजार कंबलों की व्यवस्था की थी। उद्घाटन बाद ही लगभग डेढ़ हजार कंबल का वितरण किया गया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि कई बार जब हम स्टेशन, सड़क किनारे बसे स्टैंड सहित सार्वजनिक जगहों पर बेघर लोगों को ठंड से बचाने गर्म कपड़े वितरण के लिए जाते हैं तो जरूरी नहीं कि जरूरतमंद उस समय मौजूद हों। इसलिए शांति नगर जीरो रोड स्थित विधायक कार्यालय में कंबल बैंक का शुभारंभ करते हुए वितरण प्रारंभ किया है। कार्यालय में जरूरतमंद पहुंच कर कंबल प्राप्त कर सकेंगे।

## 21 से 23 दिसंबर तक 0 से 5 वर्ष के बच्चे लक्षित

# जिले के 2.59 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

देश का भविष्य बचाओ, पोलियो की दवा हर बार पिलाओ" के संदेश के साथ राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2025 के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभियान के प्रथम दिवस 21 दिसंबर को बूथों पर तथा 22 व 23 दिसंबर को मॉप-अप दिवस के दौरान घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई जाएगी। इस अभियान के तहत दुर्ग जिले में कुल 2,59,188 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में 0–5 वर्ष आयु वर्ग के शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक देना अनिवार्य किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी विकासखंडों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है।

### अभियान की सफलता के लिए 1043 इकाइयां गठित

अभियान के संचालन के लिए जिले में 1002 स्थाई, 13 चलित एवं 25 ट्रांजिट बूथ सहित कुल 1043 इकाइयाँ गठित की गई हैं।बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, चिकित्सा संगठनों, पंच-सरपंचों, पार्षदों, पत्रकारों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे पूर्व की भांति इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं, ताकि 5 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे और दुर्ग जिला पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य में अपनी सशक्त भूमिका निभा सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी सहित नगर निगम दुर्ग, चरोदा, भिलाई एवं रिसाली के आयुक्त, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, डब्ल्यूएचओ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन, रोटरी क्लब एवं अन्य स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

कलाकारों ने दी पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति



लाइव इवेंट

## अभा ग्राहक पंचायत पखवाड़ा की हुई शुरुआत, जन जागरण व होगी गोष्ठी भी



**भिलाई।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के दुर्ग जिला महानगर और भिलाई नगर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राहक पंचायत के वार्षिक कार्यक्रम जन-जागरण पखवाड़ा के शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह दुर्ग में किया गया। 30 दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों का प्रतिपालन करने एवं उनके द्वारा बताए हुए रास्ते पर चलने का अनुसरण किया। दुर्ग जिला अध्यक्ष देवाशीष घोष ने स्वामी जी के जीवन का परिचय देते हुए उनके द्वारा राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय जगत में जो नींव रखी गई उसका व्याख्यान दिया। ग्राहक शक्ति एक राष्ट्र शक्ति के विषय पर अपना वक्तव्य रखा। छत्तीसगढ़ प्रांत के सचिव देवेंद्र कौशिक ने अपने उद्बोधन में जागो ग्राहक जागो के नारे के तहत जागृत ग्राहक जागृत भारत विषय पर संबोधित किया। पूरे पखवाड़े के दौरान जन जागरण कार्यक्रम ग्राहक हित में गोष्ठी, स्कूलों एवं कॉलेज में विभिन्न ग्राहक सुरक्षा जागरूकता एवं जन चेतना कार्यक्रम करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के दौरान दुर्ग जिलाध्यक्ष देवाशीष घोष, कृष्ण देशमुख, धर्मेंद्र धामू, संजय डहरवाल, देवेंद्र सिन्हा, भैरू आवारे, आनंद श्रीवास्तव, गणेश, अक्षय वर्मा, डॉ अमुनेश देशमुख, गोपीचंद साहू, छवि गजेंद्र, अशोक कुमार माहोर, चंद्रशेखर साहू, राम कुमार रत्नानी, हिरेन्द्र कुमार साहू सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ प्रांत के सचिव देवेंद्र कौशिक और विशिष्ट आमंत्रित सदस्य दिलीप देशमुख की विशेष उपस्थिति रही।

● बाबा गुरु घासीदास के संदेश मनखे मनखे एक समान को आत्मसात करने का दिया संदेश

# गुरु घासीदास जयंती पर पंथी नृत्य व गान के साथ किया बाबा के चरित्रों का बखान, सीएम ने किया सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान

**भिलाई। सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा घासीदास की 269वीं जयंती सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। गुरुवार को आयोजित इस सामाजिक आयोजन में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय उपस्थित होकर लोगो को घासीदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा दिये गए संदेशो को आत्मसात करने की बातें कहीं। 18 दिसंबर बाबा घासीदास जयंती के अवसर पर सुबह से लेकर देर रात तक अनेक आयोजन किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह गद्दी पूजन से हुई, जिसमें समाज के प्रमुखजनों व श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में नमन कर सुख-समृद्धि की कामना की। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भजन, नृत्य और प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा घासीदास के विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया गया। बड़ी संख्या में समाजिकजन और श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत भाषण समाज के अध्यक्ष बीएल कुर्रे ने दिया। कार्यक्रम का संचालन एन आर गिलहरे और आभार समाज के सह सचिव दिवाकर गायकवाड़ ने किया।**





### बाबा के विचार आज भी सही दिशा दिखाने वाले- सीएम

बाब घासीदास जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित थे। उन्होंने बाबा घासीदास के संदेश "मनखे-मनखे एक समान" को सामाजिक समरसता की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाने वाले हैं। गुरु घासीदास ने समाज को समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया था जो आज भी प्रासंगिक है। बाबा ने ही छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी थी। मुख्यमंत्री ने हर साल आयोजन के लिए दस लाख राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान सतनाम भवन परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और जयंती को सामाजिक एकता और सद्भाव के रूप में मनाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ ही कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, खुशवंत सिंह साहेब, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे भी सतनाम भवन पहुंचे थे। जहां सभी ने बाबा घासीदास की गुरु गद्दी को नमन और पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति और पंथी नाचा पार्टी ने अपने भजन, गीत और संदेशों के माध्यम से सतनाम पंथ की विचारधारा, सत्य, अहिंसा और मानवता का संदेश दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने देखने लोग देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते दिखाई दिये।

### गुरु घासीदास ने समाज को समानता और मानवता का पढ़ाया पाठ- विधायक ललित



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हनोदा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। जहां उन्होंने जैंत खाम और गुरुगद्दी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।। इस अवसर पर विधायक ललित कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया और समाज को समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजमहंत जीवराखन लाल सोनी, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, सरपंच लक्ष्मी देवी साहू,पूर्व सरपंच तेजराम चंदेल,जगदीश कुर्रे, अध्यक्ष डॉ नागेश कोसरे जी,संचालक गौकरण टंडन, सेवक चंदेल, कोमल सोनी, हिरा लाल टंडन, मनीष चंदेल, वेदराम खुटेल, अरविन्द धृतलहरे, दिनेश देशलहरे, चंद्रहास टंडन, चंद्रकांत बंजारे, वसूमाती खुटेल, भगवान दास खुटेल,राजुलाल कोसरे, अगरदास कोसरे, नारायण टंडन, हीरामन दिवाकर, राजन चेलक,मोहन साहू,दीपक चंद्राकर, अजय चंद्राकर, किशोर साहू, राजकुमार कौशल, विनोद चंद्राकर, ध्रुव चंद्राकर, वीरेन्द चतुर्वेदी, बालकदास डहरे, हीरालाल चंद्राकर व

लाइव इवेंट

## विज्ञान विषय वस्तुओं के साथ व्यावसायिक शिक्षा को जोड़ने किया प्रायोगिक अभ्यास



**भिलाई।** नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरुप स्कूलों में विज्ञान विषय-वस्तु के शिक्षण के साथ व्यवसायिक प्रशिणकों को जोड़ने का प्रयास जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अछोटी दुर्ग द्वारा शहरी व ग्रामीण शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं में विज्ञान विषय का शिक्षण करने वाले शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय सेवाकालीन प्रक्षिक्षण का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुंआबांधा भिलाईनगर के सभागार में किया गया है।

विकास खंड अकादमी स्त्रोत व्यक्ति नेम सिंह साहू ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि पांच दिनों में शिक्षकों को विज्ञान विषय-वस्तु के साथ स्थानीय शिल्प कलाओं, कलाओं और व्यावसायिक प्रशिक्षकों की जानकारी देकर विषय वस्तु को बच्चों कू मध्य रोचक और उपयोगी बनाने का अभ्यास कराया जाएगा। जिले के स्त्रोत व्यक्ति, लोक संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने शिक्षक प्रशिक्षण के प्रायोगिक सत्र में अपने द्वारा संकलित शिल्प कलाओं की सामग्रियों का प्रदर्शन कर गति, ध्वनि, मृदा, वनस्पतियों , पक्षियों, वाद्य यंत्रों और शिल्पों की उत्पत्ति कथाएं, वाद्य यंत्रों के नमूनों, मिट्टी की कलाओं, ग्वालीनदीया, नांदिया बैल आदि का प्रदर्शन कर विषय-वस्तु के साथ जोड़कर कलाओं की उत्पत्ति, उसकी उपयोगिता और समाज में उपयोग की विस्तार से चर्चा की। साथ ही प्लास्टर ऑफ पेरिस का प्रायोगिक अभ्यास कराते हुए बच्चों को हस्तकलाओं एवं व्यवसायिक कलाओं के माध्यम से बच्चों में सृजनशीलता, सौंदर्यबोध, कलात्मकता, सक्रियता और विज्ञान विषय की समझ बढ़ाने की प्रेरणा दी। इसमें सहभागी शिक्षिकाओं ने अपने अनुभवों को प्रशिक्षण सत्र में अभिव्यक्त करते हुए बताया कि हम बच्चों को का अपने आसपास में प्रचलित शिल्प कलाओं व अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर कलात्मक और विज्ञान विषय वस्तुओं के साथ जोड़ करने बच्चों आनुभाविक, बाल केंद्रित और मनोरंजक शिक्षा दे सकते हैं। इस मौके पर शिक्षिका अनीता वर्मा, विभा गुप्ता, मंजु चंद्राकर, चंपा नानक ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। सक्रियतापूर्वक प्रशिक्षण सत्रों के संचालन के लिए बी. आर.सी. श्रवण सिन्हा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला और ए.बी.ओ. राजेश्वरी चंद्राकर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा दुर्ग स्टेशन अयोध्या दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन हुई रवाना

**दुर्ग।** दुर्ग रेलवे स्टेशन से गुरुवार को रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम के लिए विशेष श्रद्धालु ट्रेन को दुर्ग रेल्वे स्टेशन में विधायक ललित चन्द्राकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा।

- दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी
- अयोध्या धाम की यह यात्रा जनमानस में अध्यात्म, संस्कार और राष्ट्रभावना का संचार कर रही है : ललित चंद्राकर



विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए श्रद्धालुओं के उत्साह, भक्ति और अनुशासन ने इस पावन यात्रा को और अधिक दिव्य एवं स्मरणीय बना दिया। यह योजना श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से प्रभु श्रीराम के दर्शन का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक पर्यटन को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। अयोध्या धाम की यह यात्रा जनमानस में अध्यात्म, संस्कार और राष्ट्रभावना का संचार कर रही है। इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला मंत्री शैलेन्द्र शेंडे, सभापति गोकुल वर्मा, महामंत्री चंदु देवांगन आदि उपस्थित थे।

### भिलाई से 7 यात्री भी रवाना

भिलाई। 18 दिसम्बर संत सीरोमणि गुरु घांसीदास जयंती के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई छेत्र से वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या धाम में श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार योजना के नोडल अधिकारी सह अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे के नेतृत्व में निगम भिलाई से 7 दर्शनार्थी चोवाराम साहू, देवेन्द्र यादव, गुहरी राम साहू, चोवाबाई साहू, विश्राम साहू, कुमार साहू एवं शकुन बाई को तिलक लगाकर मुख्य कार्यालय से दुर्ग स्टेशन छोड़ा गया। इन दौरान समाज कल्याण विभाग से त्रिलोक ताम्रकार, सुखराम यादव, अंजू साहू ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दी गईं।

## वास्तविक गुरु की शरणागति से ही हो सकती है भगवान की प्राप्ति

**भिलाई।** राधा कृष्ण मंदिर, ब्रज मंडल सेक्टर-6 कालीबाड़ी के पास चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन जगद्गुरुत्तम स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी ने बताया कि वेदों में कहा गया है कि भगवान की प्राप्ति वास्तविक गुरु की शरणागति से ही हो सकती है। प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे। प्रवचन का समापन राधा कृष्ण भगवान की आरती के साथ हुआ। यह आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला 21 दिसम्बर तक प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक चलेगा।



धामेश्वरी देवी ने बताया कि वेदों में कहा गया है तब्दिध्दि प्रणिपातेन, परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिनः। अर्थात ईश्वरीय विषय के तत्वज्ञान के लिए श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि रामायण कहती है गुरु बिनु भव निधि तरइ न कोई, गुरु शास्त्र वेद का पूर्ण ज्ञाता भी हो और जिसने ईश्वर साक्षात्कार भी किया हो। वेदों-शास्त्रों में तो यहां तक कहा गया है कि गुरु और भगवान अलग न होकर एक ही तत्व है। भागवत में कहा गया है कि आचार्यं मां विजानयान। भगवान अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन तू मुझे ही गुरु मान, अतः हरि और गुरु की शरणागति उनके प्रति पूर्ण समर्पण से ही हमारा काम बनेगा। किसी महापुरुष को पहचानने में एक बात का प्रमुख दृष्टिकोण रखना चाहिए कि किसी से सुनकर किसी को महापुरुष न मान स्वयं देखभाल कर लें, अपितु समझकर उसे स्वीकार करना चाहिए।

## विद्यालयों में बच्चों की शैक्षणिक स्थिति कमजोर, पढ़ाई के प्रति किया जागरूक

**भिलाई।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जनपद अहिवारा में अम्बेडकर मिशन द्वारा शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण एवं सोशल ऑडिट ऊषा वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान ग्राम लखना, साकरा, साकरी सहित अन्य ग्रामों के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयीन बच्चों से पढ़ाई को लेकर प्रश्न पूछे गए तथा हिंदी विषय के शब्दार्थ लिखने एवं बोलने को कहा गया। सोशल ऑडिट में यह सामने आया कि कई विद्यालयों में बच्चों की शैक्षणिक स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर पाई गई। इस अवसर पर बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि शिक्षा जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। साथ ही शिक्षकों एवं अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूर रखने की अपील की गई। इस अवसर पर समाजसेवी संगठन अम्बेडकर मिशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्नर न्यूज

प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान वार्षिक उत्सव एवं स्थापना दिवस 2025

## दिव्यांग ने बिखेरी सतरंगी छटा, राउत नाचा, भांगड़ा और लावणी नृत्य से दर्शकों को किया अचंभित, तालियां बजाते देख बच्चे हुए प्रोत्साहित

**भिलाई।** प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान सुपेला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव और स्थापना दिवस में डिसेबल बच्चों ने अपने जलवे बिखेरे। जिसमें छत्तीसढ़ी राउत नाचा, पंजाब का भांगडा, महाराष्ट्र का लावणी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। प्रयास स्कूल में मूक बधिर बच्चों के लिए कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग से उपसंचालक एपी गौतम उपस्थित थे। क्लब के अध्यक्ष भगवान अग्रवाल और उनकी टीम ने दिव्यांग बच्चों का उत्साह और मनोबल बढ़ाए रखा। ट्रस्ट के सचिव विपिन बंसल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर सभी सहयोगियों ने कार्यक्रम में व्यवस्था और अपना सहयोग प्रदान किया। वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में लायंस क्लब भिलाई के सभी मेंम्बर्स ने बढ़-चढ़कर इस वार्षिक उत्सव में उपस्थिति दर्ज कराई। अपने कानों से न सुन पाने वाले बच्चों को हर एक नृत्य को श्रोताओं द्वारा भरपूर प्रोत्साहन मिला, सभी ने बच्चों की प्रत्येक प्रस्तुतियों के तालियां बजाकर उनमें उत्साह का संचार किया।







### स्टॉफ का रहता है बड़ा योगदान

दिव्यांग बच्चों को कार्यक्रम में प्रस्तुति देने और उनके थिरकते पैरों के पीछे प्राचार्य राजेश पाण्डेय और उनकी टीम ने खूब मेहनत की थी जो मंच पर दिखाई दिया। डिसेबल बच्चों को पढ़ाने-लिखाने से लेकर अन्य सभी कल्चरल एक्टीविटी में भाग लेने प्रयास स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं सहित सभी स्टॉफ हमेशा से अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते हैं। वार्षिक उत्सव में सभी स्टाफ का पूरा योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रयास स्कूल के सचिव विपिन बंसल, लायंस क्लब भिलाई मनीष जग्गी, विकास सिंघल, संदीप अग्रवाल, हिमांशु पटेल, दिनेश लोहिया, विनोद निझावन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# बौद्ध महासभा के चुनाव में तीन निर्विरोध, शेष की भी शानदार जीत



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा - भिलाई (प.कं.119) के कार्यकारिणी का चुनाव डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन, सेक्टर- 6, भिलाई में रविवार को कराया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी एल. उमाकांत ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे चली। जिसमें संस्था के सदस्यों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं कुल 87.35 प्रतिशत मतदान हुआ। रात्रि 7 बजे के बाद मतगणना प्रारम्भ की गयी एवं विभिन्न वार्डों से सदस्य निर्वाचित हुए जिसमें तीन वार्ड के सदस्य निर्विरोध चुने गए। चुनाव परिणाम के अनुसार वार्ड क्रं. 1 एस. सी. गौउरकर (निर्विरोध) ,वार्ड क्र. 2 आनंद रामटेके,वार्ड क्र. 3 सविता मेश्राम,वार्ड कं. 4 देवानंद मेश्राम,वार्ड क्र. 5 ठानेन्द्र कामडे,वार्ड क्र 6 अशोक कुमार श्यामकुंवर,वार्ड क्र 7 धीरेन्द्र दिगंबर धमगाये,वार्ड क्र 8 शैलेश कुमार सुखदेवे,वार्ड क्र 9 प्रदिप सोमकुंवर,वार्ड क्र. 10 हरिकिशन भोवते (निर्विरोध),वार्ड क्र. 11 जे. बी. पाटील,वार्ड क्रं. 12 अशोक नंदेश्वर,वार्ड क्रं. 13 आशीष चौहान,वार्ड क्रं. 14 भागवतराव बागड़े, वार्ड क्र . 15 कीर्ती लांजेवार, वार्ड क्र. 16 कृष्णा राव बंसोडकर, वार्ड क्र. 17 विनोद वासनिक, वार्ड क्र. 18 प्रितेश पाटील, वार्ड कं. 19 वीरेन्द्र, वार्ड क्र. 20 द्वारका प्रसाद भोईर, वार्ड कं. 21 धनंजय कुमार मेश्राम, वार्ड क्र . 22 रंजू खोब्रागड़े निर्विरोध, वार्ड क्र. 23 जालेन्द्र उके, वार्ड क्र. 24 राजेश गजभिये और वार्ड क्र. 25 महेन्द्र कुमार खोबरागड़े शामिल हैं। सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को रात्रि में ही प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई दी गयी। चुनाव संचालन में सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रभाकर खोब्रागड़े, नरेश कुमार मेश्राम, अनिल रंगारी तथा भारती खांडेकर का सहयोग रहा।




## मैत्रीबाग में ईयर एंड पर सैरसपाटे के लिए बढ़ी सैलानियों की तादाद

# प्रकृति के बीच शुरू हुआ न्यू ईयर सेलिब्रेशन का सिलसिला, स्कूली बच्चों में पिकनिक पार्टी की धूम

**भिलाई।** नये साल के जश्न के लिए अभी पखवाड़ाभर बाकी है लेकिन मैत्रीबाग में अभी से न्यू ईयर सेलिब्रेशन शुरु हो गया है। ईयर एंड पर छुट्टियां बिताने के लिए यहां पर्यटक पहुंचने लगे हैं। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लोग अलग अलग समूहों आ रहे हैं। स्कूलों और कालेजों के बच्चों की भी पिकनिक पार्टी की धूम है।

ठंडी बढ़ने के बाद भी नए साल का जश्न मनाने वालों का उत्साह कम नहीं हो रहा है। इन दिनों मैत्रीबाग में नए साल के सेलिब्रेशन के लिए आने वालों का उत्साह देखते ही बनता है। भिलाई दुर्ग के साथ आसपास के कस्बाई और ग्राम्य क्षेत्रों के लोगों के साथ दूरदराज से भी सैलानी पहुंच रहे हैं। खासकर यंगस्टर और बच्चों की खासी तादाद है। ट्विनसिटी के अलावा धमधा, बेमेतरा, बालोद,पाटन के साथ रायपुर सिमगा आदि से भी पर्यटक मैत्रीबाग में नए साल पर पिकनिक मनाने आ रहे हैं। वहीं जिनकी सरकारी कर्मियों के छुट्टियां बची हैं वे भी यहां प्रकृति के बीच नए साल की यादों के तरोताजा करते दिखाई देते हैं। कई लोग परिवार के साथ तो कई फ्रेंड्स के साथ पिकनिक मना रहे हैं। सर्वाधिक संख्या युवाओं की है। इनमें कालेजों व सीनियर सेकंडरी स्कूलों के बच्चे अधिक हैं। कपल्स उत्साह से उद्यान वाटिकाओं और चिड़ियाघर की सैर करते हुए मोबाइल से सेल्फी लेते दिखाई देते हैं। झील में बोटिंग का मजा ले रहे हैं। वहीं कई महिला मंडल व समाजों के ग्रुपों में यहां आ रहे हैं। खाते पीते हुए नए साल को सेलिब्रेट कर रहे हैं।









### स्कूली बच्चों में पिकनिक मनाने दिख रहा उत्साह

आगामी जनवरी -फरवरी महीने से स्कूली बच्चों के एक्जाम शुरु हो जाएंगे। इसे देखते हुए ईयर एंड पर प्रदेश के विभिन्न शहरों से प्रायमरी व नर्सरी स्कूलों के बच्चों की पिकनिक टीम यहां सैर के लिए आ रही है। स्कूलों की शिक्षिकाओं व अन्य स्टाफ के साथ बच्चे चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों और झूलों तथा फिसलनपट्टी आदि का लुत्फ उठा रहे हैं। कई बच्चे बैट बाल व फुटबाल लेकर पहुंचे हैं । यह खाते पीते हुए लान में क्रिकेट व फुटबाल खेल खुशियां बांच रहे हैं। वहीं बच्चे अंताक्षरी व डांस आदि कर अपने सैरसपाटे का यादगार बनाते दिखाई दे रहे हैं। धमधा के केवी स्कूल टीम के साथ पहुंची शिक्षिका रानू सान्याल बताती हैं कि पांच साल बाद बच्चों को न्यू ईयर पर सैर कराने यहां आई हैं। बच्चे खूब इंजाय कर रहे हैं। कुम्हारी स्कूल के बच्चे मोहनन, रिशिका व जीतेश बताते हैं कि पहली बार मैत्रीबाग घूमने आए हैं। खुले में टाइगर व बीयर भी पहली बार देख रहे हैं।

## सिटी इवेंट

# स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर ही स्थानीय व्यापार को किया जा सकता है मजबूत



**दुर्ग।** स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और स्थानीय व्यापार सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट और स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में 20 दिसम्बर को दुर्ग में स्वदेशी रथ यात्रा का आयोजन किया गया है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से मुलाकात कर उन्हें स्वदेशी रथ यात्रा और समापन कार्यक्रम में सहभागी बनने आमंत्रित किया गया। कैट दुर्ग इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने कहा कि स्वदेशी रथ यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यापारी समाज और आम जनता को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ने का जन आंदोलन है। आज जब वैश्विक प्रतिस्पर्धा तेज़ है, तब स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर ही स्थानीय व्यापार को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से व्यापारियों को स्वदेशी उत्पादों की पहचान, स्थानीय ब्रांड को बढ़ावा, तथा ग्राहकों से सीधा जुड़ाव का अवसर मिलेगा, जिससे छोटे एवं मध्यम व्यापारियों की आय और स्थिरता दोनों बढ़ेंगी। स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत के सह-समन्वयक संजय चौबे ने कहा कि स्वदेशी रथ यात्रा का मूल उद्देश्य यह संदेश देना है कि जब देश का नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदेगा, तभी देश का उद्योग, व्यापार और रोजगार आगे बढ़ेगा। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच स्वदेशी को लेकर जागरूकता आएगी। स्थानीय कुटीर उद्योग एवं ग्रामोद्योग को नया बाज़ार मिलेगा, युवाओं एवं महिलाओं को उद्यमिता के अवसर प्राप्त होंगे, बाहरी निर्भरता कम होकर स्थानीय पूंजी का प्रवाह बढ़ेगा जिसका सीधा लाभ व्यापारी समाज को मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल में कैट दुर्ग इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला, स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत के सह-समन्वयक संजय चौबे, कैट चेयरमैन पवन बडजात्या, युवा इकाई अध्यक्ष रवि केवलतानी, स्वावलंबी भारत अभियान दुर्ग जिला समन्वयक गीतेश साव, प्रकाश गोलछा, दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन आदि मौजूद थे।

- स्वदेशी रथ यात्रा में शामिल होने मुख्यमंत्री साय को किया आमंत्रित

## सम्मान...

# बीएसपी में टेक-क्वेस्ट 5.0 का आयोजन 49 टीमों ने लिया भाग



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित ज्ञान एवं तकनीकी क्विज़ कार्यक्रम टेक-क्वेस्ट 5.0 सेल की अन्य इकाइयों के भागीदारी के साथ संपन्न हुआ।

टेक-क्वेस्ट 5.0 के विजेता का खिताब वरिष्ठ प्रबंधक ऐमन अली और देवेंद्र कुमार ने प्राप्त किया। प्रथम उपविजेता वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजयन और सहायक महाप्रबंधक उमेश मलयाथ रहे । द्वितीय उपविजेता स्थान पर सहायक महाप्रबंधक संपद मिश्रा एवं उप प्रबंधक अभिषेक मिश्रा रहे। इसमें कुल 49 टीमों ने भाग लिया। इसमें बीएसपी की 37 टीमें तथा अन्य इकाइयों की 12 टीमें शामिल हुईं। विभिन्न इकाइयों की व्यापक भागीदारी ने टेक-क्वेस्ट को सेल में प्रभावी और लर्निंग प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है।पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक सुनील सिंघल उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी और आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों को संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए आवश्यक बताया। महाप्रबंधक प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि टेक-क्वेस्ट जैसे मंच कर्मचारियों के बीच ज्ञान साझा करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने तथा निरंतर क्षमता निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने आयोजन में भाग लेने वाली सभी टीमों की सराहना की।

## दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# विशेष बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर में किया गया हेल्थ चेकअप



**भिलाई।** अल-मदद फाउंडेशन और वेलफ़ेयर सोसायटी की ओर से विश्व दिव्यांग दिवस पर विशेष बच्चों के लिए संचालित प्रयास स्कूल सुपेला में स्वास्थ्य शिविर में सहभागिता दी गई। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों का शंकराचार्य मेडिकल कालेज से आए विशेषज्ञों द्वारा ब्लड टेस्ट,एचबी टेस्ट एवं रूटीन चेकअप किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग दुर्ग जिला की ओर से बच्चों को व्हील चेयर, बैसाखी और कान की मशीन उपलब्ध कराई गई, वहीं सभी बच्चों को अल मदद सोसाइटी की ओर से नाश्ता वितरित किया गया। अल-मदद सोसायटी की अध्यक्ष अंजुम अली ने इस मौके पर कहा कि इन विशेष बच्चों के लिए हम जितना भी करें वह कम है। इसलिए समाज के सभी वर्ग को इन बच्चों के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में पैथोलॉजिस्ट कौसर खान, डॉ. संजय गुप्ता और डॉ. अमरीन कुरैशी ने विशेष योगदान दिया। वहीं तलत खान सहयोगी रही। स्कूल के सभी शिक्षकों व अन्य स्टाफ के सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अल मदद सोसाइटी के सचिव कौसर खान, सहसचिव शीरीन कुरैशी, कोषाध्यक्ष शाहीन खान, डॉ अमरीन,नीलोफर, फरीदा अली, रानी, जुल्फी, आयशा आलम, एस एन शेख़, फरहीन नाज, मिस्बाह, साबरा, रुखसाना सिद्दीकी, गुल निशा और शमीम अशरफी सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।



# मितानिनों व स्वच्छताग्राहियों का हुआ सम्मान



**भिलाई।** ग्राम पंचायत भटगांव में मंगलवार को मितानिनों व स्वच्छताग्राहियों का उल्लेखनीय कार्यों के लिए श्रीफल व गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच हुपेंद्र देशमुख, उपसरपंच कमलनारायण साहू, सचिव भावना यादव, पंच चंद्रकिशोर देशमुख, रामकुमार निषाद, मनहरण महार, सुशीला देशमुख, गायत्री वैष्णव, हेलन साहू, रानी यादव, वाहिनी मार्कंडेय, उषा कौशिक, लता बंजारे, नंदिनी यादव, उर्वशी देशलहरे आदि उपस्थित थे।

## पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

# मैदान में उतरने वाला हर खिलाड़ी विजेता, खिलाड़ियों और मैनेजरों ने खेलभावना से खेलने का लिया संकल्प

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ लॉन टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कपनीज के अंतर्गत आने वाले विभिन्न रीजन की पांच टीमें भाग ले रही हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तरीय इस विद्युत प्रतिस्पर्धा में पांच टीमों यथा मेजबान टीम दुर्ग क्षेत्र, कोरबा पश्चिम, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र एवं बिलासपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं मैनेजरों ने खेल भावना से खेल प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। दुर्ग क्षेत्र में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का समापन दिनांक 17 दिसंबर को शाम 4 बजे लॉन टेनिस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव एचके मेश्राम के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यपालक निदेशक केएस मनोटिया एवं एमएस चौहान, चेयरमेन इसीजीआरएफ दुर्ग रीजन पीवी सजीव, ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्ड प्राप्त उपमहाप्रबंधक क्रीड़ा भिलाई स्टील प्लांट राजेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियंता एस मनोज, आरके मिश्रा, जे.जगन्नाथ प्रसाद, एसके भूआर्य एवं पद्मशा तिवारी तथा डीजीएम एफ एंड ए वाय कोसरिया के विशिष्ट आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर किया गया।





### मैच के ये रहे परिणाम

प्रतियोगिता के पहले दिन हुए मुकाबले के टीम इवेंट में ग्रुप बी में पहला मैच बिलासपुर रीजन और रायपुर सेंट्रल रीजन के बीच हुआ जिसमें रायपुर सेंट्रल ने बिलासपुर को 2-0 से पराजित किया। रायपुर सेंट्रल के अनुराग शर्मा ने समीर तिवारी को 6-3 से हराया। महेंन्द्र सिंह चौहान रायपुर सेंट्रल ने बिलासपुर के ओमप्रकाश को 6-0 से हराया। टीम इवेंट ग्रुप ए में पहला सेमीफाइनल रायपुर रीजन एवं कोरबा वेस्ट के बीच खेला गया जिसमें कोरबा वेस्ट ने 2-0 से विजय हासिल की। पहला मैच सुनील सिंह एवं तरुण ठाकुर के बीच खेला गया जिसमें सुनील सिंह ने 6-1 से जीत हासिल की। दूसरा मैच विकल्प तिवारी एवं शेखर वर्मा के बीच खेला गया जिसमें विकल्प तिवारी ने 6-0 से विजय प्राप्त किया। टीम इवेंट ग्रुप बी का दूसरा सेमीफाइनल मैच दुर्ग रीजन एवं रायपुर सेंट्रल के बीच खेला गया जिसमें दुर्ग रीजन ने रायपुर सेंट्रल को 2-0 से पराजित किया। पहले मैच में अरुण साहू ने महेंन्द्र सिंह चौहान को 6-2 से पराजित किया। दूसरे मैच में पीएल माहेश्वरी ने अनुराग शर्मा को 6-1 से पराजित किया। टीम इवेंट का फाइनल मैच दुर्ग श्रेत्र एवं कोरबा वेस्ट के बीच खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### चेम्बर गौरव दिवस का आयोजन आज

**भिलाई।** भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और भिलाई सीए ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में 19 दिसंबर को चेम्बर गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष दिवस युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों और व्यापारियों को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ने तथा उन्हें नई दिशा देने के उद्देश्य से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न सत्रों का आयोजन होगा, जिनमें विशेषज्ञ वक्ता उद्योग, व्यापार, वित्तीय अनुशासन, तकनीकी नवाचार और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। साथ ही सोलर एक्सपो और मेगा हेल्थ कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा, जो समाज और उद्योग जगत को नई ऊर्जा और स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान करेगा।

### तीन आरोपी पुलिस की हिरासत में, परिजनों ने लगाया गलत कार्रवाई का आरोप

# महिला के शव की शिनाख्त में लग गए 6 दिन, परिजन थाने पहुंचे तब हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छह दिन पहले शहर के बीचो बीच चंद्रा मौर्या टॉकीज के पास बोरे में बंद महिला का शव मिला था। पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस महिला की शिनाख्त नहीं कर पाई थी। जब महिला के परिजन उसकी तलाश करते हुए थाने पहुंचे तब पुलिस को यह पता चला कि जो शव मिला था वह सुपेला निवासी आरती उर्फ भारती निर्मलकर (30 वर्ष) का था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 17 दिसंबर की शाम कोसा नाला के दो बच्चे और एक पुरुष सुपेला थाना महिला के लापता होने की सूचना देने पहुंचे थे। पुलिस ने शव मिलने की जानकारी दी और फोटो दिखाकर पहचान करवाई। परिजनों जब शव की सिनाख्त भारती निर्मलकर के रूप में की तब जाकर पुलिस उसकी शिनाख्त कर पाई। शिनाख्त होते ही सुपेला पुलिस अपनी पीठ थपथपाने लगी, उसने यह तक नहीं बताया कि वो लोग पहचान करने में असफल हो गए था, तभी परिजन थाने पहुंचे और पहचान हो पाई।



### आठ दिनों तक लाश कहां थी

पुलिस की माने तो आरोपी ने 5 दिसंबर की शाम महिला की हत्या कर दी। उसके दूसरे दिन महिला के शव को नाली में फेंक दिया था। तो किसी को कोई जानकारी इतने दिन तक क्यों नहीं हो पाई। जिस जगह पर शव फेंका गया था लोगों का आना जाना देर रात तक लगा रहता है। फिर ऐसे में 8 दिन बाद 13 दिसंबर की सुबह कैसे लोगों की नजर उस पर गई। इसका जवाब पुलिस के पास नहीं है। लोगों का आरोप है कि क्या सुपेला पुलिस कुछ छिपा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

### शराब पीने के बाद बेकाबू होकर करती थी झगड़ा

तुलाराम बंजारे ने पुलिस को बताया कि आरती शराब पीने के बाद अक्सर बेकाबू हो जाती थी। इसके बाद वो विवाद करती थी। तुलाराम की जेब से पैसा निकालकर शराब खरीद लाती थी। 5 दिसंबर को आरती और तुलाराम दोनों ने घर में शराब पिया। इसके बाद दोनों के बीच विवाद होने लगा। आरती ने तुलाराम को गाली दिया तो उसने उसे थप्पड़ जड़ दिया। झगड़ा बढ़ने पर तुलाराम ने आरती के सिर को दीवार पर पटक दिया, इससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद तुलाराम ने आरती की नाइटी को उतारा और शव को घूटना तक मोड़कर प्लास्टिक रस्सी से बांध दिया। इसके बाद शव को बोरा में भरकर गोवर्धन बंजारे और आटो चालक शक्ति भोयार के साथ उसे चंद्रा मौर्या टॉकीज के पास नाले में फेंक कर आ गए। पुलिस ने गोवर्धन बंजारे और शक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

### दो पति को छोड़ तीसरे के साथ रह रही थी

एएसपी सुखनंदन राठौर और क्राइम डीएसपी अलेक्सजेंडर किरो ने बताया कि आरती दो पतियों को छोड़ने के बाद अपने तीसरे प्रेमी के साथ पांच माह से कोसानगर सुपेला निवासी तुलाराम बंजारे के साथ लिव इन में रह रही थी। आरती मजदूरी करती थी और शराब व गुटखा खाने की आदी थी।

### गलत कार्रवाई का आरोप

आरोपी आटो चालक शक्ति भोयार के परिजनों ने पुलिस पर गलत कार्रवाई का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि वो पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज लेकर गए थे कि 12-13 दिसंबर को शक्ति घर पर था और उसकी आटो भी घर पर खड़ी थी। सुपेला पुलिस ने उनकी सुने बिना ही उसने थाने से भगा दिया। पुलिस ने उनके द्वारा दिया फुटेज पेन ड्राइव में रख लिया, लेकिन इसकी जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया। पुलिस शक्ति को पूछताछ के लिए बुलाई और आरोपी बनाकर उसे वहीं गिरफ्तार कर लिया।

## लॉनटेनिस प्रतियोगिता में दुर्ग को हराकर कोरबा की टीम बनी चैम्पियन



**दुर्ग।** केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉनटेनिस प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम क्षेत्र की टीम को विजेता एवं मेजबान टीम दुर्ग क्षेत्र को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। एकल श्रेणी में कोरबा पश्चिम क्षेत्र के हर्षल विश्वकर्मा विजेता एवं कोरबा पश्चिम क्षेत्र के ही सुनील सिंह उपविजेता रहे। वहीं युगल श्रेणी में भी कोरबा पश्चिम क्षेत्र के जोड़ियों ने ही बाजी मारी जिसमें अतुल राय और विकल्प तिवारी की जोड़ी उपविजेता तथा हर्षल विश्वकर्मा व सुनील सिंह की जोड़ी को विजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ।

**25 खिलाड़ियों के बीच हुआ मैच :** स्पर्धा में पावर कंपनीज के पांच क्षेत्रों की टीमों यथा मेजबान टीम दुर्ग क्षेत्र, कोरबा पश्चिम, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र एवं बिलासपुर क्षेत्र के 25 खिलाड़ियों के बीच मैच हुए। लॉन टेनिस के टीम इवेन्ट में कोरबा क्षेत्र के शशांक कर्महे, सुनील कुमार सिंह, अतुल राय, हर्षल विश्वकर्मा एवं विकल्प तिवारी ने शानदार खेल का परिचय देते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। उपविजेता टीम दुर्ग क्षेत्र के रजनीश ओबेरॉय, मनीष चंद्रवंशी, पी.एल.माहेश्वरी, अरुण साहू और महेश्वर टंडन ने भी उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। सभी विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया।



## खबर संक्षेप



### ब्लास्ट फर्नेस-8 ने हॉट मेटल उत्पादन का रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 महामाया"ने 10 दिसंबर को 9,606 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर नया दैनिक रिकॉर्ड स्थापित किया। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 5 मार्च को दर्ज 9,515 टन हॉट मेटल उत्पादन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया उत्पादन कीर्तिमान बनाने में सफलता प्राप्त की। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने शॉप फ्लोर पहुँचकर बीएफ-8 टीम को बधाई दी । उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस बिरादरी को इसी उत्साह और एकजुटता के साथ उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया, व उत्पादन के साथ उत्पादकता एवं टेक्नो-इकोनॉमिक्स में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु टीम को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, तुषार कान्त, बीके बेहेरा, तुलाराम बेहरा, मनोज कुमार, राहुल श्रीवास्तव, इंद्रजीत सेनगुप्ता, प्रमोद कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास, बेहतर समन्वय और सतत सुधार की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।

### संयंत्र के एसएमएस 3 में नई ईओटी क्रेन 29 ए का उद्घाटन



**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने स्टील मेल्टिंग शॉप–3 के बिलेट यार्ड में नई ईओटी क्रेन–29ए की सफल कमीशनिंग के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में प्रगति दर्ज की। यह अत्याधुनिक क्रेन पुरानी डीसी-टाइप क्रेन–29 का स्थान लेगी, जिसे तकनीकी सीमाओं, स्पेयर पार्ट्स की अनुपलब्धता और बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण सर्वे के उपरान्त हटाया गया था। क्रेन का शुभारंभ प्रभारी कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा कार्यपालक निदेशक पीके सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहरा, जीएमप्रणय कुमार, सीजीएण प्रमोद कुमार, त्रिभुवन बैठा जीएम पी. सत्पथी, महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस, एसके मिश्रा, डी विजिथ और जेरी निनन सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। कमीशनिंग गतिविधियों में एसएमएस–3 की टीम उप महाप्रबंधक एस. के. सोनी, सहायक महाप्रबंधक युवराज ठवरे और डीके वर्मा, सहायक अजित कुमार तथा सामंता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मेसर्स ब्रेथवेट द्वारा आपूर्ति की गई यह नई क्रेन–29ए उन्नत एसी-आधारित ड्राइव, आधुनिक कंट्रोल सिस्टम और बेहतर इलेक्ट्रोमैग्नेट तकनीक से लैस है। इसका बैटरी–बैकअप सपोर्ट इलेक्ट्रोमैग्नेट सिस्टम अचानक बिजली बाधित होने की स्थिति में था। यह बिलेट के गिरने जैसी घटनाओं को रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण सुरक्षा सुविधा प्रदान करता है।

# डैमेज आवासों में रह रहे हजारों लीजधारी, सुरक्षित मकान देने ओए ने बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के सैकड़ों आवासीय लीजधारियों को सुरक्षित मकान प्रदान करने के लिए बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने दोतरफा दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इससे बीस साल से जर्जर ब्लाकों में निवासरत सेवानिवृत्त कर्मियों को राहत मिलेगी वहीं अवैध कब्जाधारियों से भी राहत मिलेगी।

ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से चर्चा कर मांग किया है कि असुरक्षित घोषित भवनों में निवासरत लीजधारकों को समतुल्य सुरक्षित मकान प्रदान करने के लिए सुगम योजना बनायी जाये। लीजधारकों को लीज योजना में किए गए भुगतान के अनुसार समतुल्य मकान प्रदान किया जाये न कि मकानों की श्रेणी को देखा जाए।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने 5 चरणों में 4500 मकानों को लीज पर दिया था। अनुबंध के दौरान लीजधारकों ने उस समय के बाजार भाव के हिसाब से भुगतान किया था। भिलाई टाउनशिप के मकानों को वर्ष 2000 से 2004 के बीच सेल कार्मिकों को लीज योजना के तहत लीज पर दिया गया था। वर्तमान में हास्पिटल सेक्टर और सेक्टर-6 के कई मकान जो कि लीज पर दिये गये थे, अत्यंत जर्जर स्थिति में है। नगर सेवा विभाग के द्वारा उन भवनों को असुरक्षित घोषित किया जा चुका है, जिसके बाद उन असुरक्षित भवनों में सिर्फ लीजधारी निवासरत हैं। श्री बंछोर ने बताया कि लीजधारी बीएसपी के वर्तमान या पूर्व कार्मिक हैं, वे अत्यंत ही असुरक्षित स्थिति में इन भवनों में निवासरत है।

## ओए अध्यक्ष बंछोर ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक से जल्द अच्छे मकान उपलब्ध कराने की चर्चा

### दुर्घटनाएं टलने के आसार

सेल प्रबंधन के समक्ष ओए द्वारा अनेक बार उनके आवास के समतुल्य अन्य सुरक्षित आवास प्रदान किये जाने की मांग की जा चुकी है। ओए-बीएसपी भिलाई के सुरक्षित परिवेश को बचाये रखने के लिए हमेशा इन असुरक्षित भवनों को खाली कराकर डिस्मेंटल की मांग करता रहा है। इससे इन असुरक्षित घोषित भवनों से संभावित दुर्घटनाएं टलने के आसार हैं। सेक्टर 6 के सभी असुरक्षित भवनों को डिस्मेंटल किया जा सकेगा और असुरक्षित भवनों में कब्जा कर असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों को टाउनशिप से बाहर किया जा सकेगा तथा बीएसपी के कार्मिकों के लिए नये आवास का निर्माण भी किया जा सकेगा।

### लीजधारी कब्जाधारी नहीं हैं



श्री बंछोर ने बीएसपी प्रबंधन से कहा कि पूर्व प्रबंधन के एक गलत निर्णय के तहत कुछ वर्षों पहले हजारों मकान अवैध कब्जाधारियों को टाउनशिप में लाइसेंस में मकान दिए गए थे और देश के किसी सार्वजनिक उपक्रम में इस तरह के फैसले कभी नहीं होते। उनमें कई मकान हास्पिटल सेक्टर व सेक्टर-6 में इन कब्जाधारियों को लाइसेंस में दिए गए थे। सेक्टर-6 के इन मकानों में रहने वाले थर्ड पार्टी कब्जाधारियों को रिसाली सेक्टर के मकानों का आबंटन नगर सेवा विभाग द्वारा कुछ समय पहले किया गया है। बीएसपी में 35 से 40 वर्षों की सेवा करने वाले सेवानिवृत्त कार्मिकों को,जो वैध लीजधारी हैं और लाखों का भुगतान करके इन मकानों को लीज में लिया था, उन्हें भी अवैध कब्जाधारियों के समतुल्य माना जा रहा है।

## वैशाली नगर थाना में महज 1 मौत, जागरुकता से मिली सफलता

# तीन साल की अपेक्षा इस साल हादसों में सबसे कम मौत, कम हादसे वाला थाना रानीतराई

जेएम तांडी ⏭ भिलाई

जिले में होने वाले सड़क हादसों में बीते तीन सालों में कमी आई है। पुलिस का कहना है कि सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने के चलते यह संभव हो पाया है। आंकड़ों की बात की जाए तो साल 2023 में 1155 हादसों में मृतक 315, वर्ष 2024 में हादसा 1230, मृतक 345 और वर्ष 2025 में हादसा 1230, मौत 330 हुई है।

जनवरी से लेकर दिसंबर तक दुर्ग जिले के 24 थाना क्षेत्र में 1005 लोग हादसों में घायल हुए हैं। सबसे अधिक हादसों में मौत थाना नंदिनी में 61 हादसों में 36 लोगों की जान गई है। इसके बाद पुलगांव में 79 हादसों में 32 मौत हुई। पुरानी भिलाई में 87 हादसे में 27 मौत, कुम्हारी में 56 हादसे में 16 मौत हुई है। वहीं वैशाली नगर थाना में 25 हादसों में सिर्फ 1 की मौत हुई है। सबसे कम मौत वाला थाना क्षेत्र वैशाली नगर बन गया है। जबकि सबसे कम हादसो वाला थाना रानीतराई है जहां 6 हादसों में 2 मौत हुई है। जनवरी से लेकर दिसंबर में हुए हादसों पर गौर करें तो प्रतिमाह औसतन 80 हादसे जिले में हो रहे हैं। हादसे भी सबसे अधिक वाहन चालकों की लापरवाही बड़ा कारण बनकर सामने आ रहा है। सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने पर चालक इसके शिकार हो रहें है।

### जनवरी से दिसंबर तक 330 मौत




### ट्रैफिक सुरक्षा पर ध्यान नहीं

ट्रैफिक नियमों को दरकिनार करना भी हादसों का बड़ा कारण है। ट्रैफिक नियम को चालक मानकर चलेगा तो हादसों में अंकुश आसानी से लगाया जा सकता है। इसके अलावा कार चलाते समय सीट बेल्ट, बाइक हेलमेट, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, नशा भी मौत का बड़ा कारण सामने आया है। ट्रैफिक पुलिस इसे लेकर लगातार अभियान चलाकर वाहन चालकों को समझाइशा देती रही है। हेलमेट नहीं पहनने वाले हादसों में सिर पर चोट लगने से अधिक मौत जिले में हो हुई है।

### तीन साल में इतने हादसे

| माह | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 38 | 41 | 47 |
| फरवरी | 30 | 27 | 30 |
| मार्च | 29 | 24 | 37 |
| अप्रैल | 24 | 28 | 40 |
| मई | 18 | 36 | 23 |
| जून | 27 | 41 | 27 |
| जुलाई | 31 | 16 | 21 |
| अगस्त | 24 | 31 | 22 |
| सितंबर | 22 | 20 | 25 |
| अक्टूबर | 28 | 34 | 26 |
| नवम्बर | 23 | 27 | 32 |
| दिसंबर | 21 | 20 | - |
| कुल | 315 | 345 | 330 |

### जागरुकता अभियान लगातार जारी



ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों चालकों को अभियान चलाकर जागरुक किया जा रहा है। इसके कारण ही हमें रिजल्ट मिला। वर्ष 2025 के शुरुआती दौर से ही चालको को जागरुक करते आ रहें है। नशे में वाहन चलाने वालों पर बड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।आने वाले साल में भी इससे बेहतर परिणाम मिलेगा।

**विजय अग्रवाल**, एसएसपी, दुर्ग

# संयुक्त मोर्चा ने की देय तारीख से तीन प्रतिशत डीए की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अपनी सात सूत्रिय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्त सचिव मुकेश बंसल से मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान देय तिथि से तीन प्रतिशत डीए की मांग की गई।

एक मांग एक मंच हस्ताक्षर अभियान के तहत केंद्र के समान डीए एवं वर्ष 2019 से डीए एरियर्स की मांग को लेकर प्रथम चरण में पूरे प्रदेश से हस्ताक्षरित सोलह हजार आवेदन की सूची वित्त सचिव को सौंपी गई। संयुक्त मोर्चा की ओर से अनिल शुक्ला ने मोदी की गारंटी के तहत राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को एक जुलाई से देय तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता तथा जुलाई 2019 से दिए गए मंहगाई भत्ता के एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, तीन सौ दिन के अर्जित अवकाश का नकदीकरण,1 जुलाई 2023 से चतुर्थ समयमान वेतनमान लागू करने की मांग की गई। साथ ही दैनिक वेतनभोगी, संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का नियमितीकरण, कर्मचारियों और पेंशनरों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा तथा राज्य के पेंशनरों को मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के तथाकथित बंधन से मुक्त रखने की सभी मांगो को रखते हुए वित्त मंत्री के समक्ष प्रस्ताव भेजने की मांग की। वित्त सचिव ने सरकार की वित्तीय कठिनाइयों का हवाला देते हुए कहा कि सरकार सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन दे रही है। यह कर्मचारियों को लिए बहुत बड़ी राहत की बात है। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार हर वर्ष बजट में कर्मचारियों के लिए वेतन भत्ते के मद में दस प्रतिशत का बजट प्रावधान करने के बाद भी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को आठ महीने बाद बिना एरियर्स के महंगाई भत्ते का भुगतान शासन करती है,आखिर में महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि को सरकार किस मद में खर्च करती है यह सभी कर्मचारियों के संज्ञान में आना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में विभिन्न कर्मचारी, अधिकारी एवं पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधि अनिल शुक्ला, महेंद्र सिंह राजपूत, करण सिंह अटेरिया, विद्या भूषण दुबे, डॉ जितेंद्र सिंह ठाकुर आदि शामिल थे।

■ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने वित्त सचिव से की चर्चा

# शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता अनुकूल पाठ्यक्रम तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता आदेश के बाद शिक्षकों में हड़कंप की स्थिति है। शिक्षकों के हिसाब से एनसीटीई के पाठ्यक्रम की समीक्षा करते हुए शिक्षकों के अनुकूल पाठ्यक्रम का निर्धारण कर दो साल के भीतर 6 विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने का सुझाव दिया है। इसके लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन क्लास व प्रशिक्षण की भी मांग की गई।

शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी से मिलकर प्रदेश के शिक्षकों के हितों के संरक्षण हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की व ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे एवं महासचिव धर्मेश शर्मा ने बताया कि शालेय शिक्षक संघ सदैव शिक्षकों की समस्याओं के उचित समाधान हेतु तत्पर रहता है इसी सिलसिले में शिक्षासचिव से मिलकर प्रदेश के शिक्षकों में सुप्रीम कोर्ट निर्णय पश्चात टीईटी की अनिवार्यता को लेकर बड़ी चिंता देखी जा रही है। शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि अतिशेष हेतु जिस सेटअप को लाया गया उसके चलते, युक्तियुक्तकरण के बाद हजारों स्कूल में पदोन्नति व सेवानिवृति के बाद पुनः शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक शाला जैसी स्थिति पैदा हो गई है। क्योंकि अतिशेष बनाते वक्त अदूरदर्शिता का अभाव स्पष्ट परिलक्षित हो रहा था। सरकार व शिक्षामंत्री ने युक्तियुक्तकरण करने का संकल्प, सार्थक उद्देश्य हेतु किया था पर उसका क्रियान्वयन करने वालो ने उन उद्देश्यों के पलीता निकालकर शासन के विरुद्ध आक्रोश पैदा करने का काम कर दिया, इस पर मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री जरूर संज्ञान लें। इन ज्वलंत समस्याओं के साथ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे जिनमे लंबित व्याख्याता, मिडिल, प्राथमिक प्रधानपाठक, यूडीटी पदोन्नति देने व प्राचार्य पद पर सीमित विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित करने की मांग की गई।

■ दो साल में छह विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने की मांग

# टाउनशिप में अनाधिकृत होर्डिंग्स न लगाने बीएसपी ने की अपील

**भिलाई।** भिलाई टाउनशिप में स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा सतत रूप से आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने आम नागरिकों से सहयोग एवं जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। हाल के दिनों में टाउनशिप के चौक–चौराहों, सड़कों के किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति के बाँस–बल्ली, पेड़ों अथवा अन्य संरचनाओं पर होर्डिंग्स/पोस्टर लगाए जा रहे हैं। ऐसे अनाधिकृत गतिविधियों से न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित होती है, बल्कि इससे दुर्घटना, अव्यवस्था, गन्दगी तथा पर्यावरण संबंधी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भिलाई टाउनशिप की स्वच्छता–सौंदर्य मूल्यांकन स्तर पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः इस पूरे क्षेत्र की निगरानी को और सख्त कर दिया गया है।अधिकांश अनाधिकृत होर्डिंग्स यहाँ के व्यावसायिक, सामाजिक–सांस्कृतिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा लगाए जाते है। इस कारण संयंत्र प्रबंधन ने ऐसे सभी संगठनों, संस्थाओं एवं व्यक्तियों से आग्रह किया है कि वे टाउनशिप की सुरक्षा, स्वच्छता और सौंदर्य को बनाए रखने हेतु तत्काल प्रभाव से अनाधिकृत होर्डिंग्स, पोस्टर एवं बैनर लगाने की प्रथा बंद करें। साथ ही, वर्तमान में लगाए गए सभी अनाधिकृत होर्डिंग्स/पोस्टर्स/बैनर्स को शीघ्र हटवा लें।

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित टाउनशिप के निर्माण में जनसहयोग अनिवार्य है। सभी नागरिकों के सहयोग से ही टाउनशिप को बेहतर बनाया जा सकता है तथा संयंत्र द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का अधिकतम लाभ लोगों तक पहुँचाया जा सकता है।

# एसएसपी ने नए साल से पहले लंबित मामलों के निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर–6 भिलाई में अपराध समीक्षा बैठक

दुर्ग एसएसपी द्वारा रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को वर्ष के अंत से पहले लंबित प्रकरणों का ठोस साक्ष्य संकलन कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी विजय अग्रवाल ने सीसीटीएनएस में फॉर्म-5 की एंट्री अनिवार्य रूप से कर एनसीआरबी में डाटा रिफ्लेक्ट कराने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के निर्देश भी दिए। एसएसपी ने बीट आरक्षक और प्रधान आरक्षकों द्वारा संधारित ए और बी नोटबुक की थाना प्रभारी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करने, साथ ही इंफॉर्मेशन और ऑब्जर्वेशन नोटबुक में जरूरी सूचनाएं दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगरानी बदमाशों और गुंडा तत्वों पर कड़ी नजर रखने, उनकी गतिविधियों की जांच करने और अधिक से अधिक बाउंड ओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा लघु अधिनियम, माइनर एक्ट, ध्वनि प्रदूषण और कोलाहल अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए गए। क्राइम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू पदमश्री तंवर, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग हर्षित मेहर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, एसडीओपी धमधा एलेक्जेंडर किरो, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा सहित जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# नवनियुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने की मंत्री गजेन्द्र से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला भाजपा दुर्ग के विभिन्न मोर्चों के नवनियुक्त पदाधिकारियों से केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने निज निवास में मुलाकात की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को नवीन दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक कार्यों में पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करने प्रेरित किए। मंत्री यादव ने सभी पदाधिकारियों से संगठन के आगामी कार्यक्रमों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जमीनी स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाने को लेकर चर्चा की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु सिंह, जिला महामंत्री अनिकेत यादव, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेमलाल देशलहरे और ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा उपस्थित थे।

## सेक्टर-6 कला मंदिर में अभाविप के 58वें प्रदेश अधिवेशन का शुभारंभ

# गौरवशाली संस्कृति, राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ प्रदेश के 58वें प्रदेश अधिवेशन के अवसर पर भिलाई सेक्टर-6 स्थित कला मंदिर में गुरुवार को वैचारिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। यह प्रदर्शनी संघ शताब्दी वर्ष की थीम पर आधारित है, जिसमें छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति, राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका तथा अभाविप के साल भर के कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के पूर्व क्षेत्रीय कार्यवाह बिसरा राम यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आरोग्य भारती प्रांत अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी और प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा की विशेष उपस्थित रहीं।

प्रदर्शनी में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2022, अभाविप के शिल्पकार प्रो. यशवंतराव केलकर का जीवन दर्शन तथा प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख वार्षिक कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का नाम शहीद कौशल यादव के नाम पर रखा गया है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के इतिहास एवं लोक संस्कृति, रानी अब्बक्का की 500वीं जयंती, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, संघ शताब्दी वर्ष, प्रो. यशवंत राव केलकर की जीवनी, साथ ही छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग के प्रमुख संस्थान एवं स्थल जैसे आईआईटी भिलाई, चंडी मंदिर, भिलाई इस्पात संयंत्र को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही अभाविप के विविध आयामों एग्रीविशन, सविष्कार, थिंक इंडिया, फार्मविजन सहित प्रदेश के प्रत्येक जिले में वर्षभर किए गए कार्यों को चित्रात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है।



**देश की धड़कन को समझना है तो विद्यार्थी परिषद से जुड़ना होगा: बिसरा राम**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिसरा राम यादव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संघ का अनुषांगिक संगठन है, जो राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करता है। उन्होंने परिषद के मूल मंत्र अलग भाषा, अलग वेश, फिर भी अपना एक देश को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि देश की धड़कन को समझना है तो विद्यार्थी परिषद से जुड़ना होगा।